तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि

महासमुंद भूमि

रायपुर, बुधवार 28 अक्टूबर 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

खबर संक्षेप

कार की टक्कर से सायकल सवार घायल

महासमुंद। एनएच 53 में ग्राम पौंसरा क्रासिंग के पास कार की टक्कर से सायकल सवार व्यक्ति घायल हो गया। 27 अक्टूबर कोग्राम पौंसरा का मकरध्वज प्रधान सुबह अपने सायकल से अपने खेत जा रहा था। करीबन 08.25 बजे एनएच53 रोड ग्राम पौंसरा क्रासिंग के पास रोड क्रास करने के दौरान सरायपाली की ओर से आ रही ईनोवा कार क्रमांक सीजी 13 सी 7877 के चालक थोमस मिरी ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पुर्वक चलाकर मकरध्वज प्रधान को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे उसके दोनों पैर, शरीर के दूसरे जगहों पर चोट आई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 184 मोटर व्हीलक एक्ट, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

धारदार हथियार से वार, एक युवक घायल

महासमुंद। युवक पर धारदार हथियार से हमला करने के मामले में तीन लोगों के विरूद्ध सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी युवराज आर्य पिता प्रेमकुमार आर्य (21 साल) निवासी वार्ड नं 10 इमलीभाठा ने बताया कि उसके भाई कृष्णा आर्य को 25 अक्टूबर की रात करीब 12.30 बजे भलेसर रोड कार गैरेज के पास महासमुंद में आबिद आलम, इमरान मुसलमान, सुशील तीनो निवासी रायपुर संतोषी नगर ने विवाद होने के दौरान धारदार हथियार से मारपीट किया, जिससे कृष्णा आर्य को काफी चोंटें आई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के धारा 109(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है



तलवार लहराते युवक गिरफ्तार

महासमुंद। ग्राम बेलसोंडा में तलवार लहराकर आने-जाने वाले लोगों को डराने-धमकाने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से तलवार जब्त कर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25 और 27 के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार 26 अक्टूबर की रात मुखबिर से सूचना मिली कि नांदगांव रोड स्थित देवांगन भवन के सामने एक व्यक्ति तलवार लहराकर लोगों को डरा-धमका रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घेराबंदी कर युवक को पकड़ा। पूछताछ में युवक ने अपना नाम-पता ग्राम मोंगरा, थाना दुग्गीपार, जिला गोंदिया, महाराष्ट्र निवासी आकाश पन्द्रे (25) बताया। पुलिस ने उसके कब्जे से 33 इंच तलवार जब्त कर आरोपी को आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 के तहत गिरफ्तार किया।

'अर्नब' को लेकर प्रशासन अलर्ट, कलेक्टर ने दिए विभागों को सतर्क रहने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

अर्नब चक्रवात की आशंका को देखते हुए जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 27 से 29 अक्टूबर तक चक्रवात का प्रभाव पड़ने की संभावना को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने समय-सीमा की बैठक में सभी विभागों को सतर्क रहने तथा आवश्यक एहतियाती तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि आपदा की स्थिति में जनहानि और पशुहानि रोकना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को आपात स्थिति से निपटने के लिए रैपिड रिस्पांस टीम गठित कर तैयार रखने, पुलिस विभाग को सतर्क रहने तथा विद्युत विभाग को संभावित व्यवधानों से निपटने के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने एसडीआरएफ एवं होमगार्ड के जवानों को भी आवश्यकतानुसार तैनात रखने और सभी संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया।

आपदा संबंधी सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान और राहत कार्यों के समन्वय के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जो 24 घंटे सक्रिय रहेगा।

कलेक्टर ने कहा: आवश्यकता पड़ने पर ही घर से बाहर निकलें, सुरक्षा को दें प्राथमिकता

कोटवारों के माध्यम से कराएं मुनादी

कलेक्टर लंगेह ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आम नागरिकों तक समय पर आवश्यक जानकारी पहुंचाने के लिए कोटवारों के माध्यम से मुनादी कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मौसम की स्थिति को देखते हुए सभी विभाग अपने-अपने स्तर पर आवश्यक संसाधन और अमले की उपलब्धता सुनिश्चित रखें। किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई के लिए राहत एवं बचाव दल तैयार रहें। इन्होनें कहा है कि आगामी तीन दिनों तक विशेष सावधानी बरतें और अत्यंत आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकलें। मौसम संबंधी चेतावनियों का पालन करें तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों को गंभीरता से लें। किसी भी आपात स्थिति में घबराने के बजाय संबंधित कंट्रोल रूम को सूचना दें।



दिनभर बादल छाए, रूक-रूक कर चल रही हवाएं

बंगाल की खाड़ी में विकसित हुआ चक्रवाती तूफान 'अर्नब' का असर मंगलवार को नजर आया। सुबह से दिन भर आसमान में बादल छाए रहे। वहीं जिले के कुछ क्षेत्रों में बारिश भी हुई। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक 28 अक्टूबर की सुबह तक इसके अत्यंत गंभीर चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की संभावना है। इसके आंध्र प्रदेश के तट से टकराने की आशंका के बीच छत्तीसगढ़ में भी मौसम बिगड़ने के संकेत है। प्रदेश में आज मध्यम और 28 व 29 अक्टूबर को भारी से बहुत भारी बारिश, जबकि एक-दो स्थानों पर अत्यंत भारी वर्षा हो सकती है। इस दौरान महासमुंद में 27 अक्टूबर को यलो अलर्ट, 28 को रेड अलर्ट और 29 अक्टूबर को यलो अलर्ट जारी किया गया है।

हड़ताल: नियमितीकरण, पेंशन और मानदेय वृद्धि समेत पांच सूत्रीय मांगों पर प्रदेश सरकार को घेरा

आंगनबाड़ियों में लटका रहा ताला, सड़क पर उतरे कर्मियों ने रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पांच सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर जिले की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के आंदोलन के चलते मंगलवार को आंगनबाड़ियों में ताले लटके नजर आए। संयुक्त मंच के बैनर तले जिलेभर से पहुंची महिला कर्मियों ने एक दिवसीय हड़ताल के तहत की प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर हल्ला बोला। इधर, आंगनबाड़ियों में बच्चों व गर्भवती-शिशुवती महिलाओं से संबंधित सेवाएं प्रभावित रहीं।

आंगबनाड़ी सहायिका और कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र और राज्य सरकार से मिलने वाले लाभ उन तक नहीं पहुंच रहे हैं, जबकि उनसे दिन-रात काम लिया जा रहा है। दोपहर बाद करीब 2:30 बजे धरना स्थल से विशाल रैली निकाली गई। हाथों में तख्तियां और बैनर लिए महिलाएं नारेबाजी करते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचीं। उन्होंने अपर कलेक्टर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े और विभागीय सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा। इसके बाद स्थानीय समस्याओं को लेकर महिला एवं बाल विकास विभाग के सीडीपीओ को भी अलग ज्ञापन सौंपा गया। नियमितीकरण, सुपरवाइजर और सहायिका को कार्यकर्ता पद पर सीधे पदोन्नत करने तथा इसके लिए उम्र की बाध्यता खत्म करने की मांग के साथ तीसरी मांग में समूह बीमा, पेंशन, ग्रेच्युटी और भविष्य निधि (पीएफ) की सुविधा देने की बात कही गई है। पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि शासन ने मांगों पर शीघ्र गंभीरता से विचार कर निराकरण नहीं किया, तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब यह लड़ाई आर-पार की होगी। हड़ताल को ट्रेड यूनियन ने समर्थन किया जिसमें मुख्य रूप से तृतीय वर्ग कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष दिलीप तिवारी स्वास्थ्य विभाग के अध्यक्ष दीपक तिवारी टेकराम सेन उपस्थित रहे। इस हड़ताल में छत्तीसगढ़ सक्षम आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका कल्याण संघ की प्रदेश अध्यक्ष सुधा रात्रे, सुलेखा शर्मा, भारती ठाकुर, सुशीला ठाकुर, विभा साहू, अन्नपूर्णा वैष्णव, हाजरा खान, छाया हिरवानी, द्रौपदी साहू, तुसी गोस्वामी, उषा चौहान, शोभा बड़क, बबीता खांडे, बसंती, रामहीन नारंग, जुगेंद्री महापात्र, कृष्ण पटेल, रेणु निराला, दिनेश्वरी, लक्ष्मी, नंदिता, बारीक, सुनीता सोनी, कौशल्या, प्रभा मंडे, अंजू शर्मा, रामप्यारी धनमती, अनुसूइया चंद्राकर, टिनम, रुक्मणि सिदार, तुलसी, अहिल्या मरकाम, अंजू चंद्राकर, रूपा भारती, विमला सोनी, पूर्णिमा ठाकुर, धन्नाति बघेल सहित जिलेभर की लगभग 2 हजार आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका उपस्थित थी।



डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा खंडित करने का मामला कार्रवाई की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ झलप

जिले के ग्राम झलप थाना पटेवा क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-53 के समीप स्थापित भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा खंडित किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद आसपास के लोगों ने मामले में कार्रवाई और प्रतिमा की पुनर्स्थापना की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सतनामी मुक्ति केंद्र झलप के अध्यक्ष महेंद्र कोसरिया और रविदास समाज के जिला अध्यक्ष देवेंद्र रौतिया ने इस मामले में पटेवा थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। प्रतिमा को नुकसान पहुंचाने वाले व्यक्तियों की पहचान और गिरफ्तारी की मांग की जा रही है। घटना के विरोध में छत्तीसगढ़ सतनामी मुक्ति केंद्र शाखा झलप में एक बैठक आहूत की गई, जिसमें उपस्थित सभी गण्यमान्य ने एक स्वर में इस घटना को बहुत ही अपमानजक कहा। इसके बाद रैली निकाल कर प्रतिनिधिमंडल उप तहसील झलप पहुंचा, जहां नायब तहसीलदार को राज्यपाल, मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, जिलाधीश और पुलिस अधीक्षक के नाम का ज्ञापन सौंपा और संबंधित अधिकारियों का ध्यान घटना की ओर आकर्षित करते हुए आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई है।



ज्ञापन में रखीं तीन प्रमुख मांगें

समाज की ओर से सौंपे गए ज्ञापन में प्रतिमा को खंडित करने के मामले में अज्ञात आरोपियों की पहचान कर शीघ्र गिरफ्तारी करने की मांग की गई है। इसके साथ ही घटनास्थल पर शासन-प्रशासन के सहयोग से डॉ. भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा पुनः स्थापित करने की मांग रखी गई है। समाज ने प्रतिमा स्थापना के कार्य में सहयोग देने की बात कही है। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि यदि मामले में शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो समाज आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन में आंदोलन की स्थिति में शासन-प्रशासन की जवाबदेही का उल्लेख भी किया गया है। फिलहाल, घटना में शामिल व्यक्तियों की पहचान और मामले में पुलिस की कार्रवाई से संबंधित विस्तृत जानकारी उपलब्ध नहीं है। मामले में जांच और प्रशासन की ओर से की जाने वाली आगे की कार्रवाई पर नजर रहेगी। इस दौरान झलप सरपंच राकेश साहू, किशन कोसरिया, नुप नरेंद्र बाघमारे, रामेश्वर भारती, चैतुराम राम मार्कंडेय, भुवन युग्रे, सतीश कुर्रे एवं अन्य लोग शामिल हुए।

छात्रा के साथ छेड़छाड़ और शराब सेवन के मामले में गिरफ्तार व्याख्याता सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छात्रा के साथ छेड़छाड़ और शराब सेवन के मामले में गिरफ्तारी के बाद आरोपी व्याख्याता को लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ द्वारा निलंबित कर दिया है। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा उक्त कार्रवाई जिला शिक्षा अधिकारी के 15.10.2026 को जारी पत्र के आधार पर की करते हुए जारी आदेश में कहा है कि जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जीवन प्रसाद देवांगन, व्याख्याता (एल.बी.) शासकीय हाई स्कूल अछोला, विकासखंड व जिला महासमुंद के विरूद्ध विद्यालय की एक छात्रा के साथ छेड़छाड़ करने तथा विद्यालय परिसर में शराब सेवन किये जाने की शिकायत संचालनालय को प्रेषित किया गया। प्रारंभिक जांच में शिकायत की पुष्टि हुई है। साथ ही देवांगन के विरूद्ध अपराध क्रमांक 230/2026, 74, 75(1) बीएनएस, धारा 8, धारा 10 पास्को एक्ट दर्ज कर 10.10.2026 को गिरफ्तार किया गया था। छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम-9 के उपनियम (2) (क) के अंतर्गत आरोपी जीवन प्रसाद देवांगन, व्याख्याता (एल.बी.) शासकीय हाई स्कूल अछोला, विकासखंड व जिला महासमुंद को निलंबित किया गया है।

यात्री बसों की सघन जांच, 19 बसों पर हुई कार्रवाई, 6600 का शमन शुल्क वसूला

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

यात्री सुविधाओं में लगातार कमी की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए परिवहन विभाग की टीम ने सोमवार को महासमुंद से रायपुर मार्ग में चलने वाली बसों की आकस्मिक और सघन जांच की। परिवहन आयुक्त छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार जिला परिवहन अधिकारी प्रतीक शुक्ला के नेतृत्व में हुई कार्रवाई के दौरान बसों में यात्रियों की सुरक्षा और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न सुरक्षा मापदंडों को परखा गया।



जिला परिवहन अधिकारी प्रतीक शुक्ला ने बताया कि वाहनों के फिटनेस, वैध परमिट, प्रदूषण प्रमाण पत्र, बीमा दस्तावेज, ड्राइवरों के ड्राइविंग लाइसेंस तथा बसों में सुरक्षा के अन्य आवश्यक इंतजामों की बारिकी से जांच की गई। इस दौरान कुल 19 यात्री बसों में विभिन्न प्रकार की कमियां और नियमों का उल्लंघन पाया गया। इन सभी वाहनों के खिलाफ मोटरयान अधिनियम 1988 के प्रावधानों के तहत कड़ी कार्रवाई की गई। विभाग द्वारा मौके पर ही इन 19 बसों से कुल 6 हजार 600 रुपए का शमन शुल्क वसूल किया गया। शुक्ला ने स्पष्ट किया है कि यात्रियों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। वाहनों में फिटनेस, परमिट और बीमा जैसे जरूरी दस्तावेजों का न होना एक गंभीर लापरवाही है। उन्होंने वाहन मालिकों और चालकों को समझाईश दी है कि वे अनिवार्य रूप से सभी नियमों का पालन करें, आने वाले दिनों में भी इस प्रकार की दंडात्मक कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

हथियार लहराकर लोगों को डरा रहे युवक पर कार्रवाई

महासमुंद। ग्राम बेलसोंडा में हथियार लहराकर लोगों को डरा धमका रहे एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 26 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिली कि देवांगन भवन के सामने नांदगांव रोड ग्राम बेलसोंडा में आकाश पंद्रे पिता यशवंत पंद्रे (25 साल) निवासी ग्राम मोंगरा थाना दुग्गी पार जिला गोंदिया महाराष्ट्र लोगों को हथियार लेकर डरा धमका रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक तलवार बरामद किया। मामले में आरोपी के धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

दुर्गा पूजा समिति की बैठक में हिसाब-किताब को लेकर मारपीट

महासमुंद। पिथौरा थाना अंतर्गत ग्राम भुरकोनी में दुर्गा पूजा समिति के आय-व्यय के हिसाब-किताब को लेकर रविवार को आयोजित बैठक में मारपीट हो गई। घटना के बाद दोनों पक्षों ने बुंदेली चौकी में शिकायत दर्ज कराई है।जानकारी के अनुसार, ग्राम भुरकोनी में दुर्गा पूजा समिति के हिसाब-किताब को लेकर बैठक बुलाई थी। बैठक में ग्राम सचिव द्वारा समिति की आय-व्यय का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया जा रहा था। इसी दौरान ग्राम पटेल सुबेसिंग ठाकुर ने हिसाब-किताब का विस्तृत विवरण सार्वजनिक करने की मांग की। इसी मुद्दे पर बैठक में कहा सुनी शुरू हो गई और देखते ही देखते विवाद मारपीट तक पहुंच गया। माधुरी डड़सेना की शिकायत के अनुसार, परदेशी भोई, यशोदा भोई, सुनील भोई और सुकलाल भोई पर लखन डड़सेना, माधुरी डड़सेना, आकाश डड़सेना और बालेश डड़सेना के साथ लाठी, हाथ-मुक्के और लात से मारपीट करने का आरोप लगाया है। शिकायत में बैठक के दौरान हंगामा करने तथा महिलाओं को आगे कर विवाद बढ़ाने का भी आरोप लगाया गया है। वहीं, दूसरे पक्ष की ओर से परदेशी भोई और उनकी पत्नी ने भी शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने लखन डड़सेना सहित उनके परिवार के सदस्यों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। दोनों पक्षों की शिकायत के बाद पुलिस घटना के कारणों, मारपीट में शामिल लोगों और विवाद की वास्तविक स्थिति की जांच कर रही है।

पकड़े गए आरोपी के विरूद्ध थाना सिंघोड़ा में मामला दर्ज

गांजा उपलब्ध कराने वाला आरोपी ओडिशा से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

तस्करों को गांजा उपलब्ध कराने वाले आरोपी को पुलिस ने ओडिशा से गिरफ्तार किया है। मामले में पकड़े गए आरोपी के विरूद्ध थाना सिंघोड़ा अप.क्र. 33/2026 धारा 20(बी) (II) (बी), 29(1) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था।

पुलिस ने बताया कि एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी तथा इंड टू इंड एवं फाइनेंशियल इन्वेस्टिगेशन, सोर्स प्वाइंट, डेस्टिनेशन प्वाइंट पर प्रभावी एवं विधिवत कार्रवाई करने हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है। निर्देश पर कार्रवाई तेज करते हुए सिंघोडा थाने में दर्ज अप.क्र. 33/2026 धारा 20(बी)(II)(सी), 29(1) एनडीपीएस एक्ट के मामले में गिरफ्तार आरोपियों से संकलित जानकारी एवं जब्त मोबाइल से डाटा का तकनीकी विश्लेषण कर मामले में गिरफ्तार आरोपियों को गांजा उपलब्ध कराने वाला (मुख्य सोर्स) तक पहुंच कर आरोपी ध्यानेंद्र बिश्वाल पिता राजेंद्र बिशवाल (36 साल) गंजा थाना राजकनिका जिला केंद्रापडा (ओडिशा) व प्रशांत नाग पिता नीलो नाग (33 साल) जयपुर थाना जयपुर जिला कोरापुट (ओडिशा) से गिरफतार किया गया है। मामला इस प्रकार है कि दिनांक 26.03.2026 को मुखबीर से सूचना पर एक टाटा योद्धा पिकअप क्र.ओडी-15 वी 4676 एवं पायलेटिंग वाहन हुंडई औरा कार क्र. यूपी 96 क्यू 658 में अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर ओडिशा से छत्तीसगढ की ओर आने की सूचना मिलने पर, एनएच 53 में ग्राम रेहटीखोल मे नाकाबंदी कर उक्त वाहनों को रोका गया। पूछताछ करने पर आरोपियों ने टाटा पिकअप में तरबुज के नीचे प्लास्टिक बोरियों के अंदर अवैध मादक पदार्थ गांजा रखना पाया गया। जिसे संबलपुर (ओडिशा) से चित्रकूट (उत्तरप्रदेश) ले जाना बताये। मामले में पांच आरोपियों के खिलाफ धारा 20(ख)(ii)(ग), 29(1) एनडीपीएस एक्ट के तहत थाना सिंघोडा में अपराध दर्ज किया गया। मामले में पुलिस द्वारा इंड टू इंड विवेचना करते हुए प्रकरण में गिरफ्तार आरोपियों से संकलित जानकारी एवं जब्त मोबाइल के डाटा का तकनीकी विश्लेषण कर गांजा उपलब्धकर्ता (मुख्य सोर्स पॉइंट) आरोपी ध्यानेंद्र बिश्वाल पिता राजेंद्र बिशवाल (36 साल) गंजा थाना राजकनिका जिला केंद्रापडा (ओडिशा) व प्रशांत नाग पिता नीलो नाग (33 साल) जयपुर थाना जयपुर जिला कोरापुट (ओडिशा 27 अक्टूबर को विधिवत गिरफ्तार कर जिला महासमुंद लाया गया, जिसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



सड़क हादसे में कॉलेज छात्र की मौत

महासमुंद। महासमुंद-बागबाहरा नेशनल हाईवे-353 पर ग्राम मामाभांचा के पास हाड़ाबंद ओवरब्रिज के नीचे हुए भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार 25 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक छात्र पीजी कॉलेज में पीजीडीसीए का छात्र था और कॉलेज से पढ़ाई के बाद बाइक से अपने गांव लौट रहा था। खल्लारी पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान बागबाहरा ब्लॉक के ग्राम बोहारडीह निवासी हुमेश मन्नाडे के रूप में हुई है। घर वापसी के दौरान ग्राम मामाभांचा के पास हाड़ाबंद ओवरब्रिज के नीचे उसकी बाइक की एंबुलेंस वैन से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि हुमेश गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिरा, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।

कार से बड़ी मात्रा में गांजा बरामद, दो व्यक्ति गिरफ्तार

महासमुंद। पदमपुर रोड पर नाकाबंदी एवं सघन चेकिंग के दौरान बसना पुलिस ने महिंद्रा एक्सयूवी कार से बड़ी मात्रा में गांजा बरामद किया है। कार्रवाई के दौरान दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी, परिवहन तथा बिक्री पर प्रभावी एवं विधिवत कार्रवाई करने महासमुंद जिले में पुलिस के द्वारा लगातार चेकिंग कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत थाना बसना पुलिस द्वारा आने-जाने वाले संदिग्ध वाहनों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही थी। 26 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिली कि पदमपुर मार्ग की तरफ से एक सफेद रंग की महिंद्रा एक्सयूवी 500 कार (क्रमांक एमपी 17 सीसी 1110) में दो व्यक्ति अवैध रूप से भारी मात्रा में मादक पदार्थ गांजा रखकर बसना होते हुए सतना (मध्य प्रदेश) की ओर बिक्री हेतु जा रहे हैं। सूचना पर थाना बसना एवं एएनटीएफ पुलिस टीम द्वारा थाना बसना के सामने पदमपुर रोड पर नाकाबंदी की गई। जहां संदिग्ध कार को घेराबंदी कर रोका गया। कार में दो व्यक्ति सवार मिले, जिनसे पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता प्रमोद कुशवाहा पिता सौखीलाल कुशवाहा (40 साल), निवासी ग्राम चंदई, थाना जैतवारा, जिला सतना (मध्य प्रदेश) और कृष्णपाल कुशवाहा पिता जयलाल कुशवाहा (38 साल), निवासी ग्राम चंदई, थाना जैतवारा, जिला सतना (मध्य प्रदेश) होना बताया। तलाशी लेने पर कार की डिक्की के अंदर रखी 02 प्लास्टिक की बोरियों में कुल 41.590 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमत 27,79,500 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध थाना बसना में एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(ख)(ii)(सी) के तहत विधि सम्मत कार्रवाई की गई।

खबर संक्षेप



नवाचारी साहित्यिक गतिविधियों के कारण काव्यांश की अलग पहचान

महासमुंद। काव्यांश साहित्य एवं कला पथक संस्थान द्वारा नवोदित साहित्यकारों एवं कलाकारों को मंच देने के क्रम में साहित्य एवं कला को जागरूक करने के उद्देश्य से दस दिवसीय साबुन शिल्प एवं मृदा आर्ट कार्यशाला का आयोजन किया जाता रहा है। शरद पूर्णिमा पर काव्यांश काव्य प्रवाह नामक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का ध्येय वाक्य गृहे- गृहे साहित्यस्य चर्चा, सदने -सदने संगोष्ठीः है। इस कार्यक्रम का प्रारंभ काव्यांश साहित्य एवं कला पथक संस्थान के वरिष्ठ सदस्या एवं साहित्यकार पुष्पा गजपाल पीहू के घर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर काव्यांश के संरक्षक उमेश भारती गोस्वामी मृदुल, संस्थान के अध्यक्ष भागवत जगत भूमिल, महासचिव जयराम पटेल पथिक, कोषाध्यक्ष डी बसंत साव साहिल, सचिव पुष्पलता भार्गव सुनंदा, वरिष्ठ साहित्यकार बंधु राजेश्वर खरे, पूर्णिमा गुप्ता उजागर, द्रौपदी साहू सरसिज, पुष्पा गजपाल पीहू, श्लेश चंद्राकर श्रेष्ठ, माधेश्वर नेताम, आशा नेताम, चैन सिंह दीवान, राम कुमार साहू, गैंद लाल साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे।



शासकीय महाविद्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन

सरायपाली। छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2026 मनाया जा रहा है। इस वर्ष सप्ताह की थीम "सत्यनिष्ठा से समृद्धि" रखी गई है। इस अवसर पर शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. संध्या भोई के मार्गदर्शन में सत्यनिष्ठा, ईमानदारी, पारदर्शिता एवं भ्रष्टाचार-मुक्त कार्यसंस्कृति के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, कर्तव्यनिष्ठा तथा सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी के प्रति प्रतिबद्धता विकसित करना है। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा तथा जागरूकता संबंधी गतिविधियों के माध्यम से सभी को अपने कार्यों में निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं जवाबदेही बनाए रखने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। यह आयोजन समाज में नैतिक आचरण को प्रोत्साहित करने और भ्रष्टाचार-मुक्त व्यवस्था के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

प्राणीशास्त्र विभाग में एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन

महासमुंद। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राणीशास्त्र विभाग में एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डा. भूपेंद्र कुमार साहू शासकीय महाविद्यालय रामचंद्रपुर बलरामपुर रहे। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डा. रीता पाण्डेय के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम माता सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण व पूजन कर किया गया। सरस्वती वंदना एमएससी प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। डा. भूपेंद्र कुमार साहू द्वारा इम्युनोलाजी विषय पर व्याख्यान दिया गया, जिसमें ह्यूमोरल प्रतिरक्षात्मक तंत्रए कोशिका प्रतिरक्षात्मक तंत्र, कोशिका आदि पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। साथ ही विद्यार्थियों प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी तथा उच्च शिक्षा एवं शोध के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों के संबंध में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिए। विद्यार्थियों को विषय का गहन अध्ययन करने और शोध के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्ररित किया गया। कार्यक्रम में प्राणीशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रियंका सोनवानी, सहायक प्राध्यापक डा. प्रियंका चक्रधारी, लैब टेक्निशियन मिलाप ध्रुव एवं संदीप यादव मौजूद रहे।

बैठक: पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से किया गया मनोनीत

सर्व आदिवासी समाज तहसील इकाई सोनाखान का हुआ गठन



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा

शहीद वीर नारायण सिंह के जन्मभूमि व कर्मभूमि ग्राम सोनाखान में सर्व आदिवासी समाज की बैठक हुई। जहां सर्व आदिवासी समाज प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश ध्रुव, जिलाध्यक्ष भूपेंद्र ध्रुवंशी, जिला उपाध्यक्ष भानु ध्रुव, सहदेव गोंड, सर्व आदिवासी समाज ब्लॉक अध्यक्ष कसडोल तामेश्वर श्रेय आदि की उपस्थिति में सर्व आदिवासी समाज तहसील इकाई सोनाखान का गठन किया गया। जिसमें मुख्य प्रभाग संरक्षक राजेंद्र सिंह दीवान, रामायण सिंह ठाकुर, विश्राम दीवान, नंदलाल बरिहा, कुमार सिंह पैकरा, श्याम लाल पारधि, हरदयाल सिंह ठाकुर, परदेशी दीवान, अध्यक्ष विजेंद्र पालेश्वर, कार्यकारिणी अध्यक्ष रोहित कुमार ठाकुर, उपाध्यक्ष धनसाय पैंकरा, भीखम सिंह ठाकुर, शंकर बिंझवार, कोषाध्यक्ष तिलकराम बरिहा, सहकोषाध्यक्ष अनिरूद्ध दीवान, संचालक कीर्तन दीवान, ओंकार दीवान, सचिव हेमकुमार दीवान, नैनसिंह सिंह नेताम, पतिराम धनवार, संयोजक परसराम दीवान, जागेश्वर ठाकुर, वासुदेव पैकरा, संजू ठाकुर, भारत दीवान, मीडिया प्रभारी अमृत दीवान, यशवंत पैकरा, शिव ठाकुर, महिला प्रभाग अध्यक्ष ललित कुमारी भोई, उपाध्यक्ष दशोदा बरिहा, हेमकुमारी पैकरा, कृष्णा बाई दीवान, सचिव ओमलता ठाकुर, कोषाध्यक्ष कंचन दीवान, कर्मचारी प्रभाग अध्यक्ष नंदकुमार पैकरा, उपाध्यक्ष गजकुमार ठाकुर, तेज कुमार नेताम, सचिव विजय मुटकिया, कोषाध्यक्ष शजगमोहन बरिहा, संचालक नरसिंह ठाकुर, युवा प्रभाग अध्यक्ष निरेंद्र कुमार दीवान, उपाध्यक्ष मोहनलाल पैकरा, सचिव मनीराम बरिहा, कोषाध्यक्ष महेंद्र कुमार ठाकुर को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। इस अवसर पर शहीद वीर नारायण सिंह के वंशज कुंजल दीवान, सर्व आदिवासी समाज के जिला उपाध्यक्ष भानु ध्रुव, समाजसेवी दयाराम ध्रुव, युवा संरक्षक कृष्णा ध्रुव, सर्व आदिवासी समाज उपाध्यक्ष ईश्वर गोंड, दाऊ सिंह गोंड, शिवरीनारायण महासभा अध्यक्ष शिव गोंड, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष कसडोल सिद्धू सिंह जगत, रोहित गोंड सहित आदिवासी समाज व ग्रामवासी मौजूद थे।

पिटियाझर-उमरदा व सोरिद मार्ग पर वसूली और लूटपाट की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पिटियाझर से ग्राम पंचायत उमरदा

त्वरित सतर्कता और जांच सहित आवश्यक कार्रवाई की मांग को लेकर जनपद सदस्य निधि लोकेश चंद्राकर ने थाना प्रभारी को सौंपा



जाने वाले मार्ग एवं सोरिद रोड पर राहगीरों और वाहन चालकों की वाहन रोककर जबरन पैसे वसूलने एवं चोरी एवं लूटपाट की शिकायतों के मद्देनजर जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 14 निधि लोकेश चंद्राकर ने थाना प्रभारी से मामले की जांच कर आवश्यक पुलिस कार्रवाई करने की मांग की है।

मांगपत्र में कहा है कि उक्त मार्गों से प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीणों, वाहन चालकों एवं आम नागरिकों का आवागमन होता है। ऐसे में यदि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियां संचालित हो रही हैं, तो उन पर समय रहते रोक लगाना आवश्यक है। इस तरह की घटनाओं से आम नागरिकों में भय एवं असुरक्षा की भावना उत्पन्न हो सकती है। शिकायतों की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए उन्होंने कहा कि आवश्यकतानुसार संबंधित मार्गों पर पुलिस गश्त बढ़ाई जाए तथा जांच में दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाए।

पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग

जनसुरक्षा को बताया प्राथमिकता

निधि लोकेश चंद्राकर ने कहा कि आम नागरिकों की सुरक्षा और निर्भय आवागमन सुनिश्चित करना आवश्यक है। पुलिस प्रशासन को ऐसे मामलों में संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि ग्रामीणों एवं राहगीरों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

उन्होंने उम्मीद जताई कि पुलिस प्रशासन मामले को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कदम उठाएगा, जिससे संबंधित मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हो और नागरिक बिना किसी भय के आवागमन कर सकें।

सेवा सेतु पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें: अपर कलेक्टर

महासमुंद। जिले में शासकीय सेवाओं को पारदर्शी, सुगम और समयबद्ध बनाने कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राजस्व अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू ने बैठक में राजस्व प्रकरणों के साथ ही सेवा सेतु पोर्टल के अंतर्गत संचालित विभिन्न राजस्व सेवाओं की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान पोर्टल पर लंबित आवेदनों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने तथा आवेदनों को निरस्त एवं वापस किए जाने के मामलों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए।

बैठक में अपर कलेक्टर ने सेवा सेतु पोर्टल की दैनिक रिपोर्ट के आधार पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को सभी आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को शासकीय सेवाओं का लाभ निर्धारित समय में मिलना चाहिए। इसके लिए अधिकारियों को प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए अनावश्यक विलंब से बचना होगा। अपर कलेक्टर ने सेवा सेतु पोर्टल पर निरस्त एवं वापस किए गए आवेदनों की तहसीलवार और सेवावार समीक्षा की। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारियों एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया कि ऐसे आवेदनों के निरस्त या वापस किए जाने के कारणों की निरंतर जांच करें तथा आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करें। साथ ही, आवेदनों के निरस्तीकरण एवं वापसी की स्थिति पर सतत निगरानी रखने को कहा गया, ताकि पात्र आवेदकों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि जिन सेवा सेतु प्रबंधक आईडी से आवेदनों के निरस्त एवं वापस होने की संख्या अधिक पाई जाती है, ऐसी आईडी को चिह्नित कर इसकी जानकारी जिला कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए। इससे आवेदनों के निराकरण की प्रक्रिया में जवाबदेही सुनिश्चित करने और कमियों को समय रहते दूर करने में मदद मिलेगी।

अपर कलेक्टर ने अधिकारियों को अवगत कराया कि सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से प्रदान की जाने वाली सेवाएं लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत संचालित हैं। इन सेवाओं की समीक्षा राज्य कार्यालय द्वारा भी निरंतर की जा रही है। इसलिए सभी संबंधित अधिकारी निर्धारित समय-सीमा, प्रक्रियाओं एवं नियमों का पालन करते हुए आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने जनसेवा को प्राथमिकता देते हुए राजस्व अधिकारियों को निर्देशों का गंभीरता से पालन करने तथा आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान में संवेदनशीलता, पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखने पर जोर दिया।

बिजनेस साइट

आंबेडकर चौक में साहू मोबाइल सेल्स का शुभारंभ सांसद रूपकुमारी चौधरी रहीं मुख्य अतिथि



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शहर के आंबेडकर चौक में साहू मोबाईल सेल्स के नवीन प्रतिष्ठान का उद्घाटन समारोह हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद रूपकुमारी चौधरी रहीं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, बीज विकास निगम छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू एवं नगर पुरोहित पं. पंकज तिवारी की उपस्थिति रही। इस अवसर पर भाजपा जिला कोषाध्यक्ष राहुल चंद्राकर, किसान मोर्चा जिला महामंत्री देवेंद्र चंद्राकर, अग्रज शर्मा, महेंद्र सिका, रिंकू चंद्राकर, सोनाधार सोनवानी, गोपी कन्नौजे सहित बड़ी संख्या में नागरिक और व्यापारीगण उपस्थित रहे।

महामाया तालाब में चौथे दिन भी जारी रहा विशेष सफाई अभियान

नपाध्यक्ष साहू ने नागरिकों से की स्वच्छता में सहयोग की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शहर के महामाया तालाब में नगर पालिका द्वारा चलाए जा रहे विशेष सफाई अभियान का कार्य लगातार चौथे दिन भी जारी रहा। तालाब को स्वच्छ और सुंदर बनाने तथा जलस्रोत की पवित्रता बनाए रखने के उद्देश्य से यह अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के बाद तालाब में बचे हुए अवशेषों को पालिका के सफाई कर्मचारियों द्वारा बाहर निकाला जा रहा है। लगातार श्रम के साथ तालाब की गहराई से कचरे, बांस, कपड़े और पूजा सामग्री को हटाया जा रहा है। ताकि, तालाब का जल स्वच्छ हो सके और उसका प्राकृतिक स्वरूप बना रहे। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि महामाया तालाब शहर की आस्था और पहचान का केंद्र है और इसे स्वच्छ व सुंदर बनाए रखना पालिका की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पालिका द्वारा हर संभव प्रयास किया जा रहा है लेकिन लगातार प्रतिमाओं के विसर्जन और हवन सामग्रियों को तालाब में डालने से तालाब में अस्वच्छता बढ़ती है, जिससे जल की गुणवत्ता प्रभावित होती है।



दीपावली पर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने विशेष जांच अभियान जारी

महासमुंद। दीपावली पर्व के दौरान आम नागरिकों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने तथा खाद्य पदार्थों में मिलावट पर प्रभावी नियंत्रण रखने जिले में विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा, छत्तीसगढ़ एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों का निरंतर निरीक्षण, खाद्य नमूनों का संकलन एवं आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई की जा रही है। दीपावली पर्व के मद्देनजर अक्टूबर 2026 में अब तक जिले में कुल 29 खाद्य नमूने संकलित किए गए हैं। इनमें 16 विधिक नमूने एवं 13 सर्विलेंस नमूने शामिल हैं। जांच अभियान के अंतर्गत दही, खोया, मैगी, साबूदाना, शक्कर, मूंगफली, सूजी, रसगुल्ला, सोनपापड़ी, खाद्य तेल, पनीर, पेड़ा, कलाकंद, कॉफी पाउडर, पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर, बूंदी लड्डू, दूध, बर्फी, मिल्क केक, मावा टोस्ट एवं सिल्वर लीफ (चांदी का वर्क) सहित विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने संकलित किए गए हैं। इन नमूनों के माध्यम से खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुरूप होने की जांच की जा रही है। अभियान के दौरान खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण में भी विभिन्न अनियमितताएं सामने आई हैं। मेसर्स भैरव बीकानेर स्वीट्स, महासमुंद एवं मेसर्स केसरिया ढाबा घोड़ारी में विभिन्न अनियमितताएं पाए जाने पर आवश्यक कार्रवाई की प्रक्रिया की जा रही है। वहीं, मेसर्स होटल हवेली इन, झलप के किचन में स्वच्छता का अभाव पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा सुधार सूचना (इंप्रूवमेंट नोटिस) जारी करने की अनुशंसा की गई है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन, जिला महासमुंद ने आम नागरिकों से अपील की है कि दीपावली पर्व के दौरान मिठाइयां एवं अन्य खाद्य सामग्री खरीदते समय विशेष सावधानी बरतें तथा खाद्य पदार्थ विश्वसनीय प्रतिष्ठानों से ही खरीदें। पैकेटबंद खाद्य सामग्री लेते समय निर्माण तिथि, समाप्ति तिथि, सामग्री का विवरण एवं अन्य आवश्यक लेबल संबंधी जानकारियों की जांच अवश्य करें।

फुसेराडीह में गोंडवाना कप कबड्डी का शुभारंभ, रश्मि हुईं शरीक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

विधानसभा क्षेत्र की पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी एवं कांग्रेस कमेटी की पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर ने सिरपुर क्षेत्र के ग्राम फुसेराडीह में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में गोंडवाना कप कबड्डी आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों, आयोजकों एवं नागरिकों ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर डॉ.रश्मि ने कहा कि इस तरह आयोजन की सफलता केवल उसके आयोजन तक सीमित नहीं होती, बल्कि उसका वास्तविक उद्देश्य लोगों को जोड़ना, आपसी सहयोग को बढ़ावा देना और समाज में सकारात्मक संदेश पहुंचाना होना चाहिए।

उन्होंने आयोजन से जुड़े सभी लोगों की सराहना करते हुए कहा कि किसी भी कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजकों, सहयोगियों और सहभागी नागरिकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सामूहिक प्रयासों से ही समाज में जागरूकता, एकता और सहयोग की भावना मजबूत होती है। डॉ. रश्मि चंद्राकर ने कहा कि समाज के विकास के लिए प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी आवश्यक है। जनहित से जुड़े विषयों पर संवाद, लोगों की समस्याओं को समझना और उनके समाधान के लिए सामूहिक प्रयास करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जनता के बीच रहकर उनकी बात सुनना और उनकी अपेक्षाओं को समझना ही सार्वजनिक जीवन का महत्वपूर्ण उद्देश्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम लोगों को एक मंच पर लाने के साथ ही आपसी संबंधों को मजबूत करने और समाज के प्रति जिम्मेदारी का एहसास कराने में सहायक होते हैं। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने आयोजन से जुड़े सभी लोगों को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी ऐसे आयोजन निरंतर होते रहेंगे और समाज को सकारात्मक दिशा देने में अपनी भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम को निखिलकांत साहू अध्यक्ष नगर पालिका महासमुंद, केंद्रीय गोंड़ महासभा राजा धमधागढ़ के कमलेश्वरी सोरी, भूमिका ध्रुव उपाध्यक्ष ध्रुव गोंड समाज महिला प्रभाग महासमुंद, सौरभ लोधी ने भी संबोधित किया। इस अवसरपर सरजू कुंजाम, रूप सिंह नेताम, बाबूलाल ध्रुव, बेनू मरकाम सहित समाज के पदाधिकारी और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।





श्रीराम स्कूल के विद्यार्थियों ने चित्रकला, कविता के माध्यम से जगाई देशभक्ति की अलख

महासमुंद। विद्यार्थियों में देशभक्ति, राष्ट्रीय गौरव, नागरिक मूल्यों एवं रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्थानीय शासकीय श्रीराम उच्च प्राथमिक शाला में वीर गाथा 6.0 के अंतर्गत चित्रकला, कविता एवं निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में रानी लक्ष्मीबाई, भगत सिंह, कैप्टन विक्रम बत्रा, मेजर सोमनाथ शर्मा, सुभाष चंद्र बोस, छत्रपति शिवाजी, गुरु गोविंद सिंह एवं बाल गंगाधर तिलक जैसे महान वीरों के जीवन और आदर्शों को विद्यार्थियों ने अपनी रचनाओं एवं चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया। साथ ही संतोषी, कामिनी, अमन, डिगेश्वरी, पूजा, सिमरन, जितेंद्र, नेहा खातून, पल्लवी, प्रियंका सहित अन्य विद्यार्थियों ने सराहनीय प्रदर्शन किया। संस्था प्रमुख उर्मिला मरकाम ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का मार्गदर्शन शिक्षिका लीनू चंद्राकर ने किया। उन्होंने बताया कि वीर गाथा परियोजना भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय एवं शिक्षा मंत्रालय की संयुक्त पहल है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को वीरता पुरस्कार विजेताओं एवं भारतीय वीर योद्धाओं के साहस, त्याग, बलिदान और वीरता की गाथाओं से परिचित कराना है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों में देशप्रेम, नागरिक चेतना एवं रचनात्मक अभिव्यक्ति का विकास करने का प्रयास किया जाता है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका लक्ष्मी मानिकपुरी ने किया। इस अवसर पर शिक्षिका गीता गोस्वामी ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए उनकी प्रतिभाओं की सराहना की। किशोर देवांगन सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।



वेडनर स्कूल में फायरलेस कुकिंग एवं सलाद मेकिंग प्रतियोगिता हुई, बच्चों की पाक-कला ने जीता दिल

महासमुंद। शिक्षा के साथ-साथ रचनात्मकता और जीवन-कौशल को बढ़ावा देने की अपनी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए वेडनर मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल में फायरलेस कुकिंग एवं सलाद मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के चारों हाउस-ब्लू हाउस, ग्रीन हाउस, रेड हाउस और येलो हाउस के छात्र-छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को बिना आग के उपयोग से पौष्टिक, स्वादिष्ट और स्वास्थ्यवर्धक व्यंजन बनाना सिखाना था। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों की कल्पनाशीलता देखते ही बन रही थी। नन्हे शेफ्स में गोलगप्पे, पापड़ी, फ्रूट सैंडविच, सलाद सहित कई आकर्षक व्यंजनों की शानदार प्रस्तुति दी। हर डिश में स्वाद के साथ-साथ पोषण, स्वच्छता और सजावट का विशेष ध्यान रखा गया था, जिसने निर्णायक मंडल को काफी प्रभावित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य रेव्ह.फादर थैनीस राज ने कहा-इस तरह की गतिविधियां बच्चों में आत्मनिर्भरता, टीम वर्क, समय प्रबंधन और स्वस्थ खान-पान की आदतों का विकास करती हैं। किताबी ज्ञान के साथ-साथ यह व्यावहारिक ज्ञान उन्हें भविष्य के लिए तैयार करता है। प्रतियोगिता के अंत में सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों ने बच्चों द्वारा बनाए गए व्यंजनों का स्वाद लिया और उनकी सराहना की।

खबर संक्षेप



6 को धनतेरस व 8 को लक्ष्मी पूजा

महासमुंद। आगामी नवम्बर में अनेक पर्व मनाया जाएगा। इसमें 06 नवंबर शुकवार को धनतेरस, 8 को नरक चौदस, रूप चतुर्दशी, दीपावली महालक्ष्मी पूजन, 10 को अन्नकूट गोवर्धन पूजा, 11 को भाई दूज का पर्व मनाया जाएगा। यह जानकारी सत्यनारायण मंदिर के पुजारी पं. सुभाष शर्मा ग्राम खट्टी ने दी है।

लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान पर गोष्ठी आज

महासमुंद। छत्तीसगढ़ लोक जागरण मंच के तत्वावधान में लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान विषय पर 28 अक्टूबर बुधवार को दोपहर 2:30 बजे स्थानीय स्वाध्याय केंद्र कॉलेज रोड में गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक संदीप दीवान ने जानकारी देते हुए बताया कि गोष्ठी के प्रमुख वक्ता छत्तीसगढ़ शासन के नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव तथा वरिष्ठ साहित्यकार एवं संस्कार भारती के प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. मानिक विश्वकर्मा, रायपुर होंगे। यह गोष्ठी महासमुंद विधानसभा स्तरीय होगी। दीवान ने कहा कि कुछ राष्ट्रविरोधी ताकतें देश में भय और आतंक का वातावरण पैदा कर देश को अस्थिर करने की साजिश रच रही हैं। ऐसी गतिविधियों के पीछे छिपे उद्देश्यों को उजागर करने तथा आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से इस गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के आम नागरिकों, बुद्धिजीवियों एवं शुभचिंतकों से अपील की है कि वे 28 अक्टूबर, बुधवार को दोपहर 2:30 बजे स्वाध्याय केंद्र, कॉलेज रोड पहुंचकर गोष्ठी में सहभागिता करें और कार्यक्रम को सफल

जागरुक : सेवा और संवेदना की मिसाल बनी शांति विजय सेवा समिति

24 दिव्यांगजनों को निःशुल्क इलेक्ट्रॉनिक कृत्रिम हाथ देकर प्रशस्त की आत्मनिर्भरता की राह

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में श्री शांति विजय सेवा समिति, महासमुंद द्वारा 23 एवं 24 अक्टूबर 2026 को श्री शांतिनाथ जैन भवन गांधी चौक में बैटरी से संचालित इलेक्ट्रॉनिक कृत्रिम हाथों का दो दिवसीय निःशुल्क शिविर आयोजित किया गया। महासमुंद में पहली बार आयोजित इस शिविर में लगभग 24 दिव्यांगजनों को कृत्रिम हाथ प्रदान किए गए। छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों के अतिरिक्त आंध्र प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश से भी दिव्यांगजन इस सुविधा का लाभ उठाने पहुंचे।

शिविर का शुभारंभ समिति के सदस्य हेमंत झाबक द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुआ। तत्पश्चात धरमचंद श्रीश्रीमाल ने गुरुदेव शांति विजय के चित्रपट पर दीप प्रज्वलित कर एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ पूना डाउनटाउन के प्रतिनिधि गौतम तथा इनाली फाउंडेशन के आशुतोष एवं उनकी टीम का शांति विजय सेवा समिति द्वारा बहुमान किया गया।

बहुमान करने वालों में समिति के अध्यक्ष महेंद्र श्रीश्रीमाल, उपाध्यक्ष गुमान लुनिया, सचिव सुशील बोथरा, कोषाध्यक्ष संतोष कोटडिया तथा वरिष्ठ सदस्य जवेरी गोलछा, नीलम पारख, सुभाष बाफना, संकल्प पारख, प्रेम बरडिया, राजा चोपड़ा एवं गौरव बरडिया शामिल रहे। इस अवसर पर शहर के अनेक नागरिक भी उपस्थित रहे, जिनमें मनोज पींचा, ललित लुनिया, केके जैन, माली साहब, भरत ठाकुर, दिलीप मालू, जसराज कोचर, अशोक पींचा, नारायण नामदेव एवं दाऊलाल चंद्राकर सहित अन्य गणमान्यजन शामिल रहे।

इनाली फाउंडेशन की टीम द्वारा लाभार्थियों की आवश्यकतानुसार मौके पर ही बैटरी से संचालित इलेक्ट्रॉनिक कृत्रिम हाथ तैयार कर फिट किए गए तथा उनके उपयोग संबंधी मार्गदर्शन दिया गया। कुछ लाभार्थियों ने कृत्रिम हाथ मिलने के बाद भोजन करने, वाहन चलाने एवं दैनिक कार्यों में सुविधा मिलने के अपने अनुभव साझा किए। दूर-दराज से आए लाभार्थियों के लिए ठहरने एवं भोजन की व्यवस्था भी की गई थी। कृत्रिम हाथों के उपयोग के दौरान किसी भी प्रकार की तकनीकी सहायता की आवश्यकता पड़ने पर इनाली फाउंडेशन से व्हाट्सऐप के माध्यम से संपर्क करने की सुविधा के बारे में भी जानकारी दी गई। पूरे शिविर का आयोजन एवं व्यवस्थापन शांति विजय सेवा समिति द्वारा किया गया, जबकि इनाली फाउंडेशन एवं रोटरी क्लब ऑफ पूना डाउनटाउन ने इसमें सहयोग प्रदान किया। यह आयोजन आधुनिक तकनीक, सेवा और मानवीय संवेदना के समन्वय से दिव्यांगजनों को अधिक आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रहा।

वर्ष 1985 में स्थापित शांति विजय सेवा समिति शिक्षा, स्वास्थ्य, गौसेवा, जरूरतमंदों को आर्थिक सहायता, प्राकृतिक आपदाओं में सहयोग एवं विभिन्न जनकल्याणकारी गतिविधियों में निरंतर योगदान देती आ रही है। समिति द्वारा लगभग 20 वर्षों तक जयपुर फुट शिविरों का आयोजन कर हजारों दिव्यांगजनों को कृत्रिम पैर एवं संबंधित सहायता उपलब्ध कराई गई है। इलेक्ट्रॉनिक कृत्रिम हाथों का यह शिविर समिति की सेवा परंपरा का एक महत्वपूर्ण विस्तार है। समिति ने इस आयोजन में सहयोग देने वाले इनाली फाउंडेशन, रोटरी क्लब ऑफ पूना डाउनटाउन, उनकी टीम तथा सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी जनकल्याण के ऐसे सेवाकार्य निरंतर जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई।



सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए हुआ भूमिपूजन

महासमुंद। शहर के इमलीभाठा स्थित दशहरा मैदान के समीप सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने सभापति एवं वार्ड पार्षद जय देवांगन की मौजूदगी में किया। इस अवसर पर नगर पालिका के सभापतिगण, पार्षदगण और वार्डवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करना नगर पालिका परिषद की सर्वोच्च प्राथमिकता है। वार्ड 02 इमलीभाठा में सीसी रोड निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही थी। इस सड़क के बनने से वार्डवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और विशेषकर वर्षा ऋतु में होने वाली परेशानियों से राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि विकास कार्य गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूरे किए जाएंगे और वार्डों के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य जारी रहेगा।वार्ड पार्षद एवं सभापति जय देवांगन ने नगर पालिका अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अध्यक्ष जी के सहयोग से वार्ड में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। इस अवसर पर सभापति ज्योति रिंकू चंद्राकर, पार्षद नीरज चंद्राकर, चंद्रशेखर बेलदार, माखन पटेल, पीयूष साहू, विधायक प्रतिनिधि हफीज कुरैशी, पार्षद सुनैना ठाकुर, एल्डरमैन प्रभा साहू, मधु यदु, वार्डवासी पूजा साहू, उषा साहू, सीमा वैष्णव, छाया चंद्राकर, रोमिल चंद्राकर सहित अन्य नागरिक उपस्थित रहे।



राष्ट्र विरोधी साजिशों को करना है नाकामः देवीचंद

महासमुंद। आगामी 31 अक्टूबर को महासमुंद के हाईस्कूल में भाजपा के राष्ट्रव्यापी अभियान लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ के तहत विशाल रैली भाजपा जिला द्वारा आयोजित है। स्थानीय वार्ड क्रमांक 06 नयापारा में इस अभियान को सफल बनाने के लिए एक बैठक का आयोजन प्रभारी नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी की उपस्थिति में हुई। बैठक में उपस्थित नागरिकों को लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ रैली के आयोजन को सफल बनाने की अपील करते हुए नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने कहा कि इस समय देश राष्ट्रविरोधी विपक्षियों की साजिशों के भय और आतंक के दौर से गुजर रहा है। कुछ देशविरोधी राजनैतिक दल देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुशासन काल वाली भाजपा सरकार की जनहित कार्यों को पचा नहीं पा रहे है। उनके द्वारा देश को अस्थिर और अराजकता के दौर में झोंकने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। देवीचंद ने भाजपा सरकार के द्वारा विदेशी घुसपैठियों को रोकने और वास्तविक देशवासियों को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य से विपक्षी दलों के देश की तोड़ने की साजिश नाकाम हो रही है जिससे वो सभी तिलमिलाए हुए है और देश को कमजोर करने में अनर्गल बयानबाजी कर रहे है। हम सभी को केंद्र की भाजपा सरकार के नेतृत्वकर्ता नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय के नीतियों और जनसेवा के कार्यों पर पूरा भरोसा है और हम सभी मिलकर राष्ट्रविरोधी षड्यंत्रकारियो को मुंहतोड़ जवाब देने इस विशाल आयोजन में अपनी सहभागिता जरूर निभाएंगे। इस महत्वपूर्ण बैठक का संचालन मंडल महामंत्री मीना वर्मा और आभार वार्ड पार्षद सीता डोंडेकर ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व जिला मीडिया प्रभारी गोपाल वर्मा, भरत डोंडेकर, कुमारी बघेल, मुन्ना, नारायण, गोपाल साहू, लेखराम, इंद्रा, मुन्नी, कुमारी, लक्ष्मी, पूजा, दूकलहिन, सरिता, नूरजहां, बसंत, शेखर, रानी बघेल सहित बड़ी संख्या में वार्ड के नागरिक उपस्थित थे।

अखंड भारत के संकल्प से राष्ट्र की एकता और अखंडता का दिया संदेश

सरायपाली। वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में अखंड भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रीय एकता, अखंडता, देशभक्ति एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना जागृत करना था।

कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संध्या भोई की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विश्वनाथ भोगी, ठाकुर राम एवं आदित्य रंजन उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का स्वागत किया गया तथा अखंड भारत की अवधारणा एवं राष्ट्रीय एकता के महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापक, प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता, सामाजिक सद्भाव एवं देशभक्ति के मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

प्राचार्य डॉ. संध्या भोई ने इस प्रकार के आयोजनों को विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास तथा उनमें राष्ट्रीय चेतना जागृत करने की दिशा में महत्वपूर्ण बताया। अंत में प्राणीशास्त्र विभागाध्यक्ष क्षीरसागर पटेल ने आभार प्रदर्शन किया।

वेडनर स्कूल के वरिष्ठ शिक्षक प्रकाश हुए सेवानिवृत्त

महासमुंद। वेडनर मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल में वरिष्ठ शिक्षक प्रकाश तिवारी के सेवानिवृत्त होने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शाला के मैनेजर रेव्ह. फादर जॉर्ज कवालम ने तिवारी के दीर्घकालीन सेवाभाव, अनुशासन, निर्देशन और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए कहा कि उनका योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा। शाला के प्राचार्य रेव्ह. फादर थैनीस राज ने तिवारी के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा, आपने अपने दिल और आत्मा से इस स्कूल को समय दिया है। आपकी उपस्थिति ने इस संस्था को कुछ अलग बना दिया है। संस्था के प्रति समर्पण भाव और लगाव बहुत ही महत्वपूर्ण है। आपने जिस जिम्मेदारी से अपने कार्यों को पूरा किया है, वह निश्चय ही सराहनीय



है।इसी क्रम में शिक्षिका मिताली जैन, शिक्षक विकास शर्मा, छात्रा वंशिका ईदवानी, आर्या नंदेश्वर एवं तसनीम मिर्जा ने भी अपनी भावनाएं व्यक्त की। सेवानिवृत्त शिक्षक प्रकाश तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि 31 साल तक मैंने इस संस्था में अनवरत सेवा की है। यहां की उपलब्धियां, मान-सम्मान और सबसे बढ़कर यहां बने खूबसूरत रिश्ते हमेशा मेरी यादों में रहेंगे। उन्होंने अपनी भावनाएं कुछ पंक्तियों के माध्यम से व्यक्त की। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा उनके सम्मान में स्वागत गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। शाला परिवार की ओर से मैनेजर रेव्ह. फादर कवालम ने शाल एवं फल भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा लाइनी एंथोनी एवं छात्र शुभम रात्रे तथा आभार प्रदर्शन शिक्षक अवनीश श्रीवास्तव ने किया।

समाजशास्त्र विभाग में विभागीय छात्र परिषद का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में समाजशास्त्र विभाग के प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं का विभागीय छात्र परिषद का गठन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो. डॉ. रीता पांडेय, विभागाध्यक्ष डॉ. दिलीप कुमार बढ़ाई, अतिथि व्याख्याता शिवानी तावेरकर, जनभागीदारी मानसेवी व्याख्याता ममता मनहरे, अजय कुमार राजा एवं डॉ. मालती तिवारी मौजूद रहे।

समाजशास्त्र विभाग के पदाधिकारी का मनोनयन प्राचार्य के निर्देशानुसार किया गया। जिसमें अध्यक्ष खुशबू साहू तृतीय सेमेस्टर, उपाध्यक्ष झरना साहू प्रथम सेमेस्टर, सचिव रिचा ध्रुव तृतीय सेमेस्टर, सहसचिव रूपेश ध्रुव प्रथम सेमेस्टर, कोषाध्यक्ष नंदिनी ध्रुव तृतीय सेमेस्टर, सांस्कृतिक प्रभारी मधु साहू, तृतीय सेमेस्टर, उपसांस्कृतिक प्रभारी विभा निषाद क्रीड़ा प्रभारी दोमेश साहू तृतीय सेमेस्टर, उप क्रीड़ा प्रभारी सूरज प्रथम सेमेस्टर, स्वच्छता प्रभारी राधिका साहू तृतीय सेमेस्टर, स्वच्छता प्रभारी ताक्षी साहू प्रथम सेमेस्टर, उपस्वच्छता प्रभारी भूपेंद्र ध्रुव प्रथम सेमेस्टर, मीडिया प्रभारी टेमन साहू तृतीय सेमेस्टर रहे। मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो. रीता पांडेय एवं समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. दिलीप कुमार बढ़ाई ने छात्र-छात्राओं तथा नव मनोनीत पदाधिकारी को शुभकामनाएं देते हुए निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस दौरान प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर समाजशास्त्र के विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

शरद पूर्णिमा पर भजन संध्या में पद्मश्री भारती बंधु ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शरद पूर्णिमा पर स्थानीय स्वामी शिवानंद योग भवन में आयोजित भजन संध्या में पद्मश्री भारती बंधु ने अपनी सुमधुर भजनों की प्रस्तुति से श्रोताओं का मन मोह लिया। रात्रि 9 बजे से मध्यरात्रि 12 बजे तक चले इस भक्तिमय कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं नागरिकगण उपस्थित रहे।

पद्मश्री भारती बंधु ने कबीर के भजनों के माध्यम से राम नाम की महिमा का वर्णन किया। उन्होंने संत कबीर और गोस्वामी तुलसीदास की भक्ति परंपरा तथा राम नाम के आध्यात्मिक महत्व को अपने भजनों के जरिए प्रस्तुत किया। उनकी भावपूर्ण प्रस्तुति से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया और श्रोता भक्ति रस में डूबे नजर आए।

कार्यक्रम में बीज विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, कांग्रेस की पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर, भाजपा जिलाध्यक्ष एतराम साहू, पारस चोपड़ा, दाऊलाल चंद्राकर, नीरज गजेंद्र, प्रदीप चंद्राकर, नुकेश चंद्राकर, अशोक शर्मा, रामनिवास चंद्राकर, चोइथराम राजपाल, सुरेंद्र मानिकपुरी, परमानंद बजाज, परमानंद चंद्राकर, प्रमोद तिवारी, चंद्रिका चंद्राकर, हेमंत बोथरा, लक्ष्मीनाथ चंद्राकर, गौतम सिन्हा, प्रमोद चंद्राकर, विजय नंदवानी, विश्वनाथ बोस, तारेंद्र चंद्राकर, विजय गुप्ता, सविता चंद्राकर सहित दिव्य जीवन संघ से जुड़े सदस्य एवं अनेक नागरिक उपस्थित रहे।

नाम सुधार सूचना

मैं, शरद कुमार साहू, पिता- श्री तुला राम साहू, निवासी- वार्ड नं. 16, नेहरू चौक, लाफिन खुर्द, जिला- महासमुंद (छ.ग.), यह घोषित करता हूँ कि मेरी 10वीं, 12वीं एवं बी. कॉम की अंकसूचियों (मार्कशीट) में मेरा नाम केवल "**शरद**" अंकित है। जबकि, मेरे **आधार कार्ड, पैन कार्ड** व अन्य दस्तावेजों में मेरा पूरा नाम "**शरद कुमार साहू**" दर्ज है। "**शरद**" और "**शरद कुमार साहू**" एक ही व्यक्ति (यानी मैं) के नाम हैं। भविष्य में मुझे **शरद कुमार साहू** के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

HEALTH TOWN
न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
डॉ. सी.पी. सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें- 9009553889, 9090204620
उपलब्ध सुविधाएँ-
गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श
नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकन सीजन की सुविधा
आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार
TPA की सुविधा
पाइल्स
क्षार सूत्र विशेषज्ञ, 15000 से ऊपर सफल चिकित्सा देश विदेशों में भी प्रचलित।
समय : सुबह 9.30 से रात 8.00 बजे तक
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(25 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
9039050422, 9179455561
सरस्वती दाल मिल के सामने, गली नं. 3, अशोक विहार, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, फाफाडीह मेन रोड, रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का मताधिकार सुरक्षित रहना जरूरी: बच्छाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) की ऑब्जर्वर एवं धुले सांसद शोभा बच्छाव व प्रदेश सहप्रभारी विजय जांगिड़ ने सोमवार को कांग्रेस भवन में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का मताधिकार सुरक्षित रहना जरूरी है। मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होनी चाहिए। कांग्रेस ने इसी उद्देश्य से देशभर में वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान शुरू किया है। इसके तहत मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं को सामने लाने और निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की जा रही है। विचित्र बात है कि एसआईआर से बंगाल में लाखों वोट कट गए, लेकिन महाराष्ट्र में वोट बढ़ गए।

प्रेसवार्ता में ऑब्जर्वर एवं धुले सांसद शोभा बच्छाव ने कहा: बंगाल में वोट कटे, महाराष्ट्र में बढ़े

कांग्रेस की तीन प्रमुख मांग

प्रेसवार्ता में कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा एसआईआर प्रक्रिया निरस्त करने और प्रभावित मतदाताओं के नाम दोबारा सूची में शामिल करने उनके तीन प्रमुख मांगें हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि वोट बचाओ देश बचाओ अभियान जिला स्तर तक चला कर मतदाता सूची से जुड़ी शिकायतों का दस्तावेजीकरण किया जाएगा। कांग्रेस में फिर के विरोध में 1 नवंबर को इंडिया गठबंधन की रैली और विशाल आम सभा आयोजित करने की घोषणा की।



यह रहे पत्रकार वार्ता में मौजूद

प्रेसवार्ता के दौरान पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ला, जिला अध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव, पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर, केशव चंद्राकर, गुरमीत चावला, डॉ रश्मि चंद्राकर, अमरजीत चावला, आलोक चंद्राकर, राशि महिलांग, लक्ष्मण पटेल, सलीम खान और गिरीश पटेल सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने विभिन्न चुनावों के दौरान मतदाता सूची में कथित विसंगतियों को लेकर सवाल उठाए हैं। महाराष्ट्र में मतदाताओं की संख्या में अचानक वृद्धि, कर्नाटक के महादेवेपुरा विधानसभा क्षेत्र में कथित दोहरे पंजीकरण और संदिग्ध प्रविष्टियों तथा हरियाणा में मतदाता सूची से जुड़े मामलों पर पार्टी ने निर्वाचन आयोग से जवाब मांगा है। कांग्रेस पार्टी की मांग है कि मतदाता सूची में कथित गंभीर विसंगतियों की स्वतंत्र और समयबद्ध जांच कराई जाए तथा चुनाव आयोग के निर्णयों और कार्रवाई से संबंधित जानकारी सार्वजनिक की जाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता गांवों में जनसंपर्क और चौपाल के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करेंगे। मतदाता सूची का सत्यापन कर लोगों को नाम जोड़ने, सुधार कराने और अपील की प्रक्रिया में सहायता दी जाएगी। कांग्रेस का उद्देश्य चुनावी प्रक्रिया में जनता का विश्वास मजबूत करना और प्रत्येक पात्र नागरिक के मताधिकार की रक्षा के लिए जनजागरूकता बढ़ाना है।

खबर संक्षेप



अयोध्या नगर में धूमधाम से मनाया गया शरद पूर्णिमा उत्सव

महासमुंद। स्थानीय अयोध्या नगर वार्ड क्रमांक-03 में मां महामाया दुर्गा पूजा उत्सव समिति द्वारा गार्डन में वार्ड की महिलाओं के साथ श्रद्धा, भक्ति और उल्लास से भरपूर शरद पूर्णिमा उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं के लिए खेलकूद एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय हो उठा। सभी ने मिलकर खीर-पूड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। साथ ही श्रृंगार सामग्री एवं उपहार वितरित कर प्रतिभागियों के चेहरे पर खुशियां बिखेरी गईं। रात्रि 12 बजे अमृत वर्षा की पावन मान्यता के बीच शरद पूर्णिमा का उत्सव विशेष श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। महिलाओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता ने इस आयोजन को यादगार बना दिया।

चतुर्थ काउंसलिंग की मेरिट सूची जारी

महासमुंद। छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु चतुर्थ काउंसलिंग की मेरिट सूची जारी कर दी गई है। चतुर्थ काउंसलिंग के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के आधार पर मेरिट क्रम में चयनित विद्यार्थियों की सूची विभागीय वेबसाइट पर प्रदर्शित की गई है। संबंधित विद्यार्थी विभागीय वेबसाइट के माध्यम से चयन सूची का अवलोकन कर सकते हैं।

उचित मूल्य की दुकान के लिए आवेदन आमंत्रित

महासमुंद। जिले के पिथौरा अनुविभाग अंतर्गत ग्राम लक्ष्मीपुर में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान के नवीन आबंटन के लिए इच्छुक संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। ज्योति महिला स्वसहायता समूह लक्ष्मीपुर द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान का समर्पण किए जाने के बाद शासन के निर्देशानुसार दुकान के युक्तियुक्तकरण एवं नवीन आबंटन की प्रक्रिया की जा रही है।

चर्चा : कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक विभिन्नि विभागों की समीक्षा की

आगामी धान खरीदी के लिए अभी से तैयारी सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की प्राथमिकताओं और जनहित से जुड़े मामलों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा में सुनिश्चित करें। बैठक में जिला पंचायत की सीईओ अनुपमा आनंद, अपर कलेक्टर जगन्नाथ वर्मा, सचिन भूतड़ा एवं रवि साहू सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद पंचायत सीईओ, सीएमओ एवं जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे तथा ब्लाक स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि 02 नवंबर को राज्योत्सव कार्यक्रम हर वर्ष की भांति मिनी स्टेडियम महासमुंद में गरिमा पूर्ण रूप से आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी विभागों द्वारा विभागीय एवं शासकीय योजनाओं से संबंधित जानकारियों का स्टाल के माध्यम से प्रदर्शन किया जाएगा। कलेक्टर ने सभी विभागों को पात्र हितग्राहियों को सामग्री वितरण के लिए सूची शीघ्र तैयार करने निर्देशित किया। साथ ही संबंधित विभागों को मंच व्यवस्था एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए।

सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर लंगेह ने कहा कि एल-1 स्तर पर प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण किया जाए। प्रथम स्तर पर ही प्रकरणों के निराकरण के लिए अधिकारियों को 7 से 10 दिवस की समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि आवेदकों की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ परीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित किया जाए। अधिकारी यह ध्यान रखें कि बिना कार्रवाई के आवेदन दूसरे स्तर पर स्थानांतरित न हो। साथ ही सभी विभागों को सीएम हेल्पलाइन पोर्टल का नियमित अवलोकन करते हुए प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि बिना किसी कारण के स्पेशल क्लोजर में न भेजा जाए।

कलेक्टर ने अपार आईडी निर्माण की समीक्षा करते हुए शिक्षा विभाग को विद्यार्थियों की अपार आईडी बनाने के कार्य में तेजी लाने तथा शेष विद्यार्थियों का पंजीयन समय पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।

बैठक में ई-ऑफिस व्यवस्था एवं आधार आधारित उपस्थिति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को कार्यालयीन कार्यों में ई-ऑफिस प्रणाली का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने तथा आधार आधारित उपस्थिति व्यवस्था का नियमित रूप से पालन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर लंगेह ने पारस पोर्टल में संबंधित विभागों को अद्यतन जानकारी अपडेट करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में डीसीएस सर्वे की प्रगति की भी जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सर्वे कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने तथा उन्होंने सर्वे के दौरान सभी संबंधित प्लॉट एवं आवश्यक अभिलेखों की जानकारी व्यवस्थित रूप से सही एवं अद्यतन संधारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पटवारियों को सर्वे किए गए प्लाट्स का अप्रूवल शीघ्र करने कहा गया है। इसके अलावा कलेक्टर ने न्यायालय के प्रकरणों का जवाबदावा समय पर प्रस्तुत करने, बीबीजी रामजी, प्राधिकरण, पीएम आवास, कलेक्टर जनदर्शन, पीजी पोर्टल, लोक सेवा गारंटी अधिनियम तथा जन शिकायतों की भी समीक्षा की। बैठक में जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभागों से संबंधित प्रकरणों एवं प्रगति की जानकारी कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया गया।



नए धान खरीदी केंद्रों में भी आवश्यक तैयारी करने दिए निर्देश

नवंबर माह से शुरू हो रहे समर्थन मूल्य में धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने जिले में किसानों की सुविधा एवं सुचारू धान खरीदी व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जो 20 नए धान खरीदी केंद्र खोले गए है, उसमें आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को केंद्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने, किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न होने देने तथा खरीदी प्रक्रिया को व्यवस्थित एवं पारदर्शी बनाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सभी एसडीएम को कहा कि आवश्यकतानुसार ऐसे चेक पोस्ट का चिन्हांकन कर लें, जहां से अवैध धान की आवाजाही होती है। कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को स्वयं फील्ड में जाकर अवलोकन करने के निर्देश दिए हैं। ज्ञात है कि राज्य शासन द्वारा 15 नवंबर से धान की खरीदी प्रारंभ की जाएगी।

जिला स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता में विकासखंड महासमुंद की टीम रही प्रथम



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों को संसदीय कार्यप्रणाली से अवगत कराने के उद्देश्य से जिला स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत स्काउट गाइड संघ के जिला अध्यक्ष येतराम साहू थे। अध्यक्षता शाला विकास समिति के अध्यक्ष संदीप दीवान ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि सेजेस हिन्दी माध्यम के अध्यक्ष रमेश साहू, राहुल चंद्राकर, अभिषेक पांडे मंचस्थ थे। इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विकासखंडों की टीमों ने बारी-बारी से लोकसभा में होने वाले विभिन्न क्रियाकलापों जैसे प्रश्नकाल, शून्य काल, विधायी कार्य आदि का अभिनय के द्वारा जीवंत प्रस्तुति दी। जिसमें किसी ने लोकसभा अध्यक्ष, किसी ने प्रधानमंत्री, किसी ने नेता प्रतिपक्ष, कुछ ने विभिन्न विभागों के मंत्री तो कुछ ने सत्ता पक्ष तथा विपक्ष के सांसद की भूमिका निभाई। कठिन प्रतियोगिता में विकासखंड महासमुंद की टीम को प्रथम तथा बागबाहरा की टीम को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। व्यक्तिगत प्रदर्शन की श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ भूमिका के लिए निखिल साहू (स्पीकर), हर्षिता सोनी (मंत्री), चांदनी चंद्राकर (प्रश्नकर्ता), जसप्रीत (वक्ता सत्ता पक्ष) तथा निहारिका मोहंती (वक्ता विपक्ष) को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में जिला शिक्षा अधिकारी बीएल देवांगन ने स्वागत भाषण तथा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। संचालन व्याख्याता तोषण गिरि गोस्वामी तथा आभार प्रदर्शन आयोजन के नोडल अधिकारी व सहायक संचालक नंदकिशोर सिन्हा ने किया। प्रतियोगिता के निर्णायक प्राचार्य तुलेंद्र सागर, व्याख्याता गायत्री साहू तथा निर्मला कुजूर थे। कार्यक्रम में विखं शिक्षा अधिकारी भोपाल सिंह बंजारा, प्राचार्य जीआर सिन्हा, खोमन लाल चंद्राकर, भेखलाल चंद्राकर, लक्ष्मी गुरूंग, रामता डे का विशेष योगदान रहा।



तिलईदादर में शरद पूर्णिमा पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, विधायक हुए शामिल

बागबाहरा। ग्राम तिलईदादर में शरद पूर्णिमा पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ गांव के अनेक नागरिक और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। आयोजन के दौरान शरद पूर्णिमा पर सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीणों को एक मंच पर आने का अवसर मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि शरद पूर्णिमा जैसे अवसरों पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम ग्रामीण जीवन में आपसी मेल-मिलाप और सामाजिक सहभागिता का माध्यम बनते हैं, ऐसे आयोजनों में ग्रामीणों की भागीदारी से स्थानीय परंपराओं और सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलता है। कार्यक्रम में लछवंतीन बाई, नैनसिंग दीवान, भोलाराम दीवान, हेमलाल दीवान, निकेश ध्रुव, लव दीवान, कुश दीवान, रामायण सिंग दीवान, ममता दीवान, रामेश्वरी दीवान, बसंती बाई ध्रुव, पूजा दीवान, भूपेंद्र साहू, हेम सिंग नायक, शीतल चक्रधारी और कुमार ध्रुव सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने अधिकारियों को आवेदन के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

कलेक्टर जनदर्शन में मिले 85 आवेदन

महासमुंद। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में आवेदकों से बात कर उनके मांग, सुझाव और शिकायत से संबंधित आवेदन लेकर समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए अधिकारियों को और श्रम संबंधित आवेदनों के निराकरण के लिए श्रम अधिकारी को प्रत्यक्ष रूप से निर्देश दिए। कलेक्टर जनदर्शन में 85 आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में आवेदकों द्वारा पेंशन, राशन कार्ड, पीएम आवास, एग्रीस्टेक सत्यापन, फसल गिरदावरी में त्रुटि सुधार के लिए आवेदन सौंपे गए। इसी तरह मकान क्षति पर मुआवजा दिलाने, महतारी वंदन की राशि के संबंध में, अतिक्रमण हटाने, अवैध रजिस्ट्री और नक्शा बटांकन की जांच, ठगी के आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई, डिजिटल फसल सर्वे जांच, फसल जप्ती करने, पैतृक सम्पति पर वारिसान का रिकार्ड दुरस्त करने, अछोला में फसल के लिए सिंचाई हेतु जल प्रदाय करने, बाल संरक्षण से योजना का लाभ दिलाने, धान खरीदी केंद्र के पंचायत प्रस्ताव पर रोक लगाने, समान बंटवारा, धान खरीदी केंद्र के लिए भूमि आबंटन, डायवर्सन शाखा प्रभारी को हटाने, कोमाखान कोटवार नियुक्ति जांच, औद्योगिक क्षेत्र में प्रदूषण जांच, गांव से बहिष्कृत, आदिवासी जमीन खरीदी, गढ़ फुलझर में बोर खनन, अवैध भूमि दस्तावेज का जांच कराने संबंधी आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अनुपमा आनंद, अपर कलेक्टर जगन्नाथ वर्मा, सचिन भूतड़ा, रवि कुमार साहू एवं जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

सामाजिक समरसता का संदेश देने पहुंची रथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अरंड (पिथौरा)

समीपस्थ ग्राम गड़बेड़ा में विश्व हिंदू परिषद द्वारा चलाए जा रहे सामाजिक समरसता रथ यात्रा का आगमन हुआ। जिसमें साधु संतों का स्वागत कलश यात्रा के साथ भजन कीर्तन करते हुए ग्रामवासियों द्वारा चरण धोकर आरती उतार कर पुष्प वर्षा कर तिलक चंदन से किया गया।

सर्वप्रथम रामदरबार एवं मां भारती के छायाचित्र पर संतों एवं मंचासीन अतिथियों द्वारा पूजन अर्चन किया गया। ततपश्चात संतों द्वारा कन्याओं का पूजा अर्चना कर श्रृंगार भेंट किया गया। संतों द्वारा भारतीय संस्कृति भारतीय सभ्यता भाषा रहन सहन पर विचार दिया गया। ग्राम नगर शहरों में सामाजिक समरसता भाई चारे मां भारती की सेवा परोपकार हिंदू धर्म की रक्षा, पर्यावरण संरक्षण कुटुंब प्रबोधन परिवार भाव एवं नागरिक कर्तव्य एकता पर संदेश दिया गया। इस अवसर पर जिला प्रांत व राज्यों से संतों का आगमन हुआ। संत विनोद गिरी गोस्वामी योगेश गिरी महाराज, ओंकार दास वैष्णव, संत कृष्ण दास, भानू साहेब, माधव दास त्यागी, योगेंद्र दास, भक्त टीकाराम पवित्रो, सालिकग्राम संत उसत दास मठाधीश, संत गणेश, भक्त टेकराम, भक्त नकुल, सरपंच बून्दा बाई नायक, उपसरपंच मोहित यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। संघ विहिप व बजरंग दल से रवि प्रकाश प्रधान, सौरव अग्रवाल, गितेश पण्डा, ममता, शीतल आदि उपस्थित रहे। सर्व समाज से फगवा रात्रे सहदेव धृतलहरे, नंद लाल नायक, सुमेंदु ध्रुव, शंकर चंद्राकर, रामआश्रय दुबे द्वारिका यादव, चंद्रहास निषाद आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर सरपंच बूंदा बाई नायक, उपसरपंच मोहित यादव, लोकनायक सरपंच प्रतिनिधि, लकेश साहू, नरेंद्र पटेल, भगवानदास यादव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन टीकाराम पटेल व गितेश पंडा ने आभार व्यक्त किया।





झलप में हुई सतनामी समाज युवा प्रकोष्ठ की बैठक

झलप। प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज युवा प्रकोष्ठ जिला महासमुंद की जिला स्तरीय बैठक झलप में हुई। बाबा गुरु घासीदास के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर बैठक का शुभारम्भ किया गया। बैठक की अध्यक्षता झलप परिक्षेत्र के अध्यक्ष भागीरथी मारकंडे ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में समाज के युवाओं को संगठित रहने और शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने का आह्वान किया। बैठक का संचालन करते हुए युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष तेजराम चौलिक ने संस्था के कार्यों पर जानकारी प्रदान करते हुए बैठक के विषय बिंदुओं पर प्रकाश डाला। बैठक में 1 दिसंबर गुरु माह पर्व आरम्भ के अवसर पर जिला स्तरीय रक्तदान शिविर आयोजित करने, विकासखंड स्तरीय प्रभार वितरण जैसे विषयों पर प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में विशेष तौर पर युवा प्रकोष्ठ के जिला प्रभारी भोजनाथ मधुकर, डॉ विजय चतुर्वेदी, ब्लॉक उपाध्यक्ष पूरन बघेल, किशन कोसरिया, महेश जोशी, राजेंद्र जांगड़े, रूपेश प्रभाकर, संतराम भास्कर, शिवचरण, आत्माराम, ओंकार, गोपी, तरुण बघेल, राजवीर, धनी जांगड़े, टिकेश्वर, खेमराज भट्ट, जयंत योगी आदि मौजूद रहे।

फुसेराडीह के कबड्डी व रायमुड़ा के सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हुए नपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

सिरपुर क्षेत्र के ग्राम फुसेराडीह में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान ग्रामीणों ने नपाध्यक्ष साहू का स्वागत किया। साथ ही रायमुड़ा में भी आयोजित शरद पूर्णिमा महोत्सव में उन्होंने शिरकत की। रायमुड़ा में आयोजन समिति द्वारा नपाध्यक्ष का साफा बांधकर आत्मीय स्वागत किया गया।

कबड्डी प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए अपने उद्बोधन में नपा अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि कबड्डी हमारी माटी का खेल है और ऐसे पारंपरिक खेल गांवों की ऊर्जा और एकता को दर्शाते हैं। खेल से युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के आयोजनों से प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने आयोजन समिति और सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए इस तरह का आयोजन सराहनीय है। रायमुड़ा के ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि संस्कृतिक कार्यक्रमों से गांव का वातावरण खुशनुमा रहता है। उन्होंने बेहतर आयोजन की सराहना की। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में सौरभ लोधी, शाहबाज राजवानी, मोहम्मद अजहर, यशवंत ध्रुव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और युवा उपस्थित रहे।



